# सामान्य हिन्दी

**Set - 2 : 2019**
**302 (CT)**

***समय : तीन घण्टे 15 मिनट*** ] [ ***पूर्णांक : 100***

**नोट** – प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**( खण्ड-क )**

1. (क) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' के लेखक हैं– 1
   (i) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ii) सरदार पूर्णसिंह
   (iii) वासुदेवशरण अग्रवाल (iv) हजारीप्रसाद द्विवेदी।

   (ख) 'शिक्षा का उद्देश्य' निबंध के लेखक हैं– 1
   (i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) सम्पूर्णानंद
   (iii) मोहन राकेश (iv) रायकृष्ण दास।

   (ग) 'कवि वचन सुधा' पत्रिका के सम्पादक रहे हैं– 1
   (i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) महावीरप्रसाद द्विवेदी
   (iii) प्रतापनारायण मिश्र (iv) हजारीप्रसाद द्विवेदी।

   (घ) 'चन्द्रगुप्त' नाटक के लेखक हैं– 1
   (i) रामकुमार वर्मा (ii) लक्ष्मीनारायण मिश्र
   (iii) जयशंकर प्रसाद (iv) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र।

   (ङ) 'रानी केतकी की कहानी' के लेखक हैं– 1
   (i) रामप्रसाद निरंजनी (ii) लल्लू लाल
   (iii) सदल मिश्रा (iv) इंशा अल्ला खाँ।

2. (क) 'विनय पत्रिका' के रचनाकार हैं– 1
   (i) तुलसीदास (ii) कबीरदास
   (iii) सूरदास (iv) जायसी।

   (ख) 'कामायनी' किस युग की रचना है? 1
   (i) द्विवेदी-युग (ii) छायावादोत्तर काल
   (iii) छायावादी-युग (iv) भारतेन्दु-युग।

Solved By -Arunesh Sir

(ग) निम्नलिखित में से छायावादोत्तर काल के कवि हैं– 1

(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) मैथिलीशरण गुप्त

(iii) राम नरेश त्रिपाठी (iv) शिवमंगल सिंह 'सुमन'।

(घ) हिन्दी साहित्य में किस काल को 'शृंगार काल' कहा जाता है? 1

(i) आदिकाल (ii) भक्ति काल

(iii) रीति काल (iv) आधुनिक काल।

(ङ) मोहन राकेश रचनाकार हैं– 1

(i) भारतेन्दु-युग के (ii) द्विवेदी-युग के

(iii) शुक्ल-युग के (iv) शुक्लोत्तर-युग के।

3. दिये गये गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 2 = 10$

धरती माता की कोख में जो अमूल्य निधियाँ भरी हैं जिनके कारण वह वसुन्धरा कहलाती है उससे कौन परिचित न होना चाहेगा? लाखों-करोड़ों वर्षों से अनेक प्रकार की धातुओं को पृथिवी के गर्भ में पोषण मिला है। दिन-रात बहने वाली नदियों ने पहाड़ों को पीस-पीसकर अगणित प्रकार की मिट्टियों से पृथिवी की देह को सजाया है। हमारे भावी आर्थिक अभ्युदय के लिए इन सब की जाँच-पड़ताल अत्यन्त आवश्यक है। पृथिवी की गोद में जन्म लेने वाले जड़-पत्थर कुशल शिल्पियों से सँवारे जाने पर अत्यन्त सौंदर्य के प्रतीक बन जाते हैं। नाना भाँति के अनगढ़ नग विन्ध्य की नदियों के प्रवाह में सूर्य की धूप से चिलकते रहते हैं, उनको जब चतुर कारीगर पहलदार कटाव पर लाते हैं तब उनके प्रत्येक घाट से नयी शोभा और सुन्दरता फूट पड़ती है, वे अनमोल हो जाते हैं।

(i) अमूल्य निधियाँ कहाँ भरी हैं?

(ii) पृथ्वी को वसुंधरा क्यों कहते हैं?

(iii) पृथ्वी की देह को किसने सजाया है?

(iv) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(v) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

***अथवा***

मैं खासतौर से युवा छात्रों से ही क्यों मिलता हूँ? इस सवाल का जवाब तलाशते हुए मैं अपने छात्र-जीवन के दिनों के बारे में सोचने लगा। रामेश्वरम् के द्वीप से बाहर निकल कर यह कितनी लम्बी यात्रा रही। पीछे मुड़कर देखता हूँ तो विश्वास नहीं होता। आखिर वह क्या था जिसके कारण यह संभव हो सका? महत्वाकांक्षा? कई बातें मेरे दिमाग में आती हैं। मेरा ख्याल है कि सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह रही कि मैंने अपने योगदान के मुताबिक ही अपना मूल्य आँका। बुनियादी बात जो आपको समझनी चाहिए वह यह है कि आप जीवन की अच्छी चीजों को पाने का हक रखते हैं, उनका जो ईश्वर की दी हुई है। जब तक हमारे विद्यार्थियों और युवाओं को यह भरोसा नहीं होगा कि वे विकसित भारत के नागरिक बनने के योग्य हैं तब तक वे जिम्मेदार और ज्ञानवान नागरिक भी कैसे बन सकेंगे।

(i) लेखक युवा छात्रों से ही क्यों मिलता है?

(ii) आप किन चीजों के पाने का हक रखते हैं?

(iii) उक्त पंक्तियों से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

(iv) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(v) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

4. दिये गये पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 2 = 10$

नीले फूले कमल दल-सी गात की श्यामता है।<br>पीला प्यारा बसन कटि में पैन्हते हैं फबीला।<br>छूटी काली अलक मुख की कान्ति को है बढ़ाती।

सद्वस्त्रों में नवल तन की फूटती-सी प्रभा है।।
साँचे ढाला सकल वपु है दिव्य सौन्दर्यशाली।
सत्पुष्पों-सी सुरभि उसकी प्राण-संपोषिका है।
दोनों कंधे वृषभ-वर से हैं बड़े ही सजीले।
लम्बी बाहें कलभ-कर-सी शक्ति की पेटिका हैं।।

(i) राधा, पवन से कृष्ण को पहचानने का क्या उपाय बताती हैं?
(ii) 'अलक' तथा 'सकल' शब्द का अर्थ लिखिए।
(iii) 'कलभ-कर-सी' में कौन-सा अलंकार है?
(iv) रेखांकित अंशों का भावार्थ लिखिए।
(v) पाठ का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

***अथवा***

छायाएँ मानव-जन की
दिशाहीन
सब ओर पड़ीं – वह सूरज
नहीं उगा था पूरब में, वह
बरसा सहसा
बीचों-बीच नगर के;
काल-सूर्य के रथ के
पहियों के ज्यों अरे टूट कर
बिखर गए हों
दसों दिशा में
कुछ क्षण का वह उदय-अस्त।
केवल एक प्रज्वलित क्षण की
दृश्य सोख लेनेवाली दोपहरी।

(i) वह सूर्य किस दिशा में उदित हुआ था? (ii) दस दिशाएँ कौन-कौन सी हैं?
(iii) 'काल-सूर्य के रथ' में कौन-सा अलंकार है? (iv) रेखांकित अंशों का भावार्थ लिखिए।
(v) पाठ और उसके रचयिता का नाम लिखिए।

5. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए : (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 2 + 2 = 4
(i) डॉ० हजारीप्रसाद द्विवदी (ii) हरिशंकर परसाई
(iii) डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम।

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए : (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 2 + 2 = 4
(i) मैथिलीशरण गुप्त (ii) सुमित्रानन्दन पन्त (iii) रामधारी सिंह 'दिनकर'।

6. 'बहादुर' *अथवा* 'पंचलाइट' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 4

***अथवा***

'लाटी' *अथवा* 'ध्रुव यात्रा' कहानी की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।

7. स्वपठित नाटक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए : (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 4
(i) 'राजमुकुट' नाटक के आधार पर महाराणा प्रताप का चरित्र-चित्रण कीजिए। ***अथवा***
'राजमुकुट' नाटक के कथानक अपने शब्दों में लिखिए।

Solved By- Arunesh Sir

(ii) 'कुहासा और किरण' नाटक की कथावस्तु पर संक्षेप में प्रकाश डालिए। **अथवा**
'कुहासा और किरण' नाटक के प्रमुख पात्र के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

(iii) 'आन का मान' नाटक की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए। **अथवा**
'आन का मान' नाटक के आधार पर 'दुर्गादास' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(iv) 'गरुड़ध्वज' नाटक की कथावस्तु को संक्षेप में लिखिए। **अथवा**
'गरुड़ध्वज' नाटक के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(v) 'सूतपुत्र' नाटक के कथानक का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। **अथवा**
'सूतपुत्र' नाटक के आधार पर कुन्ती के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

8. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी **एक** खण्ड के **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 4

(i) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए। **अथवा**
'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर दशरथ का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ii) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए। **अथवा**
'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'कर्ण' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(iii) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए। **अथवा**
'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(iv) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए। **अथवा**
'त्यागपथी' खण्डकाव्य के आधार पर हर्षवर्द्धन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(v) 'आलोकवृत्त' की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए। **अथवा**
'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य का नायक कौन है? उसके चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

(vi) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के आधार पर 'द्रौपदी' का चरित्र-चित्रण कीजिए। **अथवा**
'सत्य की जीत' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए।

## (खण्ड-ख)

(क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी **एक** का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2 + 5 = 7

संस्कृतसाहित्यस्य आदिकविः वाल्मीकिः, महर्षिव्यासः, कविकुलगुरुः कालिदासः अन्ये च भास-भारवि भवभूत्यादयो महाकवयः स्वकीयैः ग्रन्थरत्नैः अद्यापि पाठकानां हृदि विराजन्ते। इयं भाषा अस्माभिः मातृसमं सम्माननीया वन्दनीया च, यतो भारतमातुः स्वातन्त्र्यं, गौरवम्, अखण्डत्वं सांस्कृतिकमेकत्वञ्च संस्कृतेनैव सुरक्षितुं शक्यन्ते। इयं संस्कृत भाषा सर्वासु भाषासु प्राचीनतमा श्रेष्ठा चास्ति। **अथवा**

हिन्दी-संस्कृताङ्ग्लभाषासु अस्य समानः अधिकारः आसीत्। हिन्दी-हिन्दु हिन्दुस्थानानामुत्थानाय अयं निरंतर प्रयत्नमकरोत्। शिक्षायैव देशे समाजे च नवीनः प्रकाशः उदेति अतः श्रीमालवीयः वाराणस्यां काशीविश्वविद्यालयस्य संस्थापनमकरोत्। अस्य निर्माणाय अयं जनान् धनम् अयाचत जनाश्च महत्यस्मिन् ज्ञानयज्ञे प्रभूतं धनमस्मै प्रायच्छन्, तेन निर्मितोऽयं विशालः विश्वविद्यालयः भारतीयानां दानशीलतायाः श्रीमालवीयस्य यशसः च प्रतिमूर्तिरिव विभाति।

(ख) दिये गये पद्यांशों/श्लोकों में से किसी **एक** का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2 + 5 = 7

न चौरहार्यं न च राजहार्यं न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्द्धत एव नित्यं विद्याधनं सर्वधनं प्रधानम्।। **अथवा**

अर्द्धं दानववैरिणा गिरिजयाप्यर्द्धं शिवस्याहृतम्।

Gyansindhu coaching classes

देवेत्थं जगतीतले पुरहराभावे समुन्मीलति।।
गङ्गा सागरमम्बरं शशिकला नागाधिपः क्ष्मातलम्।
सर्वज्ञत्वमधीश्वरत्वमगमत् त्वां मां तु भिक्षाटनम्।।

10. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी **एक** का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1 + 1 = 2

(i) अपना उल्लू सीधा करना। (ii) ईद का चाँद होना।
(iii) आम के आम गुठलियों के दाम। (iv) चोर की दाढ़ी में तिनका।

11. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) 'विद्यालयः' का सन्धि-विच्छेद है– 1
(A) विद्य + आलयः (B) विद्या + आलयः
(C) विद्या + लयः (D) विद् + आलयः।

(ii) 'नायकः' का सन्धि-विच्छेद है– 1
(A) नै + इकः (B) नाय + कः
(C) नै + अकः (D) ना + अकः।

(iii) 'महोत्सवः' का सन्धि-विच्छेद है– 1
(A) महा + उत्सवः (B) महो + उत्सवः
(C) मह + ओत्सवः (D) महोत + सवः।

(ख) दिये गये निम्नलिखित शब्दों की 'विभक्ति' और 'वचन' के अनुसार चयन कीजिए :

(i) 'आत्मनि' में वचन और विभक्ति है–
(A) सप्तमी विभक्ति, एकवचन (B) पंचमी विभक्ति, बहुवचन
(C) तृतीया विभक्ति, द्विवचन (D) द्वितीया विभक्ति, एकवचन। 1

(ii) 'जगत्' शब्द में विभक्ति और वचन है–
(A) षष्ठी विभक्ति, एकवचन (B) पंचमी विभक्ति, द्विवचन
(C) प्रथमा विभक्ति, एकवचन (D) चतुर्थी विभक्ति, बहुवचन। 1

12. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए :

(i) अपेक्षा-उपेक्षा
(A) तुला और निरादर (B) तुलना और बुराई
(C) तुलना में और अवहेलना (D) चाह और बुराई। 1

(ii) अनल-अनिल
(A) वायु और अग्नि (B) पानी और आग
(C) जल और हवा (D) अग्नि और वायु। 1

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द के दो अर्थ लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) कनक (ii) कर (iii) अम्बर।

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए **एक** शब्द का चयन करके लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) जिसकी इच्छाएँ बहुत ऊँची हों–
(A) माननीय (B) अनन्त
(C) इच्छाकु (D) महत्त्वाकांक्षी। 1

(ii) जो सामान्य नियम के विरुद्ध हो–
(A) अपवाद (B) असामान्य (C) नियम विरुद्ध (D) अद्वितीय। 1

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) महादेवी वर्मा हिन्दी की प्रसिद्ध कवित्री थीं।

(ii) परमात्मा के अनेकों नाम हैं।

(iii) एक फूल की माला लाओ।

(iv) कृष्णा और राधा नृत्य कर रहे है।

13. (क) 'वीर रस' **अथवा** 'शृंगार रस' का स्थायी भाव के साथ उसकी परिभाषा अथवा उदाहरण लिखिए। $1 + 1 = 2$

(ख) 'अनुप्रास' **अथवा** 'उत्प्रेक्षा' अलंकार का लक्षण और उदाहरण लिखिए। $1 + 1 = 2$

(ग) 'चौपाई' **अथवा** 'दोहा' छन्द का लक्षण और उदाहरण लिखिए। $1 + 1 = 2$

14. अपने उप-जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र लिखिए, जिसमें आपके गाँव में जहाँ-तहाँ ढेर लगे हुए कूड़े-कचरे की सफाई के लिए सम्बन्धित व्यक्ति को आदेशित करने का निवेदन किया गया हो। 6 ***अथवा***

अपना कुटीर उद्योग प्रारंभ करने हेतु किसी बैंक के प्रबंधक को ऋण प्रदान करने हेतु एक पत्र लिखिए।

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए : 9

(i) शिक्षित युवावर्ग और बेरोजगारी की समस्या।

(ii) पर्यावरण-प्रदूषण : समस्या और समाधान।

(iii) वर्षा ऋतु का महत्त्व।

(iv) छात्र और अनुशासन।

(v) विज्ञान : वरदान या अभिशाप।